हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

11 एआईयूटीयूसी का प्रदर्शन सीटीएम को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



12 नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



## खबर संक्षेप



### टावर से बैटरी के सेल चोरी का आरोपित काबू

**महेंद्रगढ़।** टावर से बैटरी सेल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने एक ओर आरोपित संदीप उर्फ सुंडा वासी रावलधी को भिवानी जेल से प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में आरोपित से नकदी बरामद की है। आरोपित को वीरवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा तीन आरोपितों बलजीत वासी कादमा, विक्रम वासी गांव नंगला एवं सुमित वासी गांव दिनोद को पहले गिरफ्तार किया गया था। जितेंद्र कुमार वासी इसराना रहना कनीना ने सतनाली थाना में शिकायत दी थी।

### ठगी करने के दो और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** साइबर थाना की पुलिस टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से फ्रेंडशिप का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान ताज आलम वासी जोकटिया जिला बेतिया बिहार व शाहकार रजा उर्फ सद्दाम वासी दीवाना टोला बहादुरगंज जिला किशनगंज बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए 13 दिसंबर को आरोपित ताज आलम को गिरफ्तार किया था और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया। अब तक की पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपित ताज आलम का फ्रॉड करने में मुख्य रोल था। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित से सिम कार्ड के साथ दो मोबाइल, एक लैपटॉप, फ्रॉड के हिसाब की तीन डायरी, सात एटीएम कार्ड व दो सिम बरामद की गई।

### दुकान से मोबाइल चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** मोबाइल रिपेयर की दुकान में घुसकर मोबाइल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास से चोरी के फोन बरामद किए। शायर सिंह वासी सतनाली ने बताया कि उसने लोहारू चौक सतनाली के पास मोबाइल बेचने व रिपेयर करने की दुकान कर रखी है। 19 दिसंबर को शाम के समय वह अपनी दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। 20 दिसंबर की सुबह सात बजे वह अपनी दुकान पर गया तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा मिला।

# आज आईटीआई में दिखेगा अध्यात्म, संस्कृति, ज्ञान, कला व मनोरंजन का संगम

**पहले दिन विधायक सीताराम यादव व डॉ. अभय सिंह यादव व दूसरे दिन राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

हर बार की तरह इस बार भी आईटीआई में 22 व 23 दिसंबर को अध्यात्म, संस्कृति, ज्ञान, कला एवं मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि 22 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे आईटीआई मैदान में श्रीमद्भागवत गीता पूजन एवं हवन होगा। इसमें जीओ गीता का सहयोग मिलेगा। इसके बाद 10:15 पर अटेली के विधायक सीताराम यादव प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। करीब 11:15 बजे नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। 23 दिसंबर को चामुंडा देवी मंदिर में 9:15 बजे हवन यज्ञ होगा।

इसके बाद ठीक 110 बजे वैश्विक गीता पाठ होगा, जिसमे जिला के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के बच्चे ऑनलाइन माध्यम से एक साथ गीता पाठ करेंगे। दोपहर 12:15 पर शोभायात्रा चामुंडा देवी मंदिर से शुरू होगी और ठीक 2:30 बजे आईटीआई मैदान में पहुंचेगी। डीसी ने बताया कि 23 दिसंबर को प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव दोपहर बाद तीन बजे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। शाम छह बजे दीपदान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### हाथ से बने उत्पाद खरीद सकेंगे

आईटीआई मैदान में लगी प्रदर्शनी में नागरिकों को हस्तकला के कई नमूने देखने को मिलेंगे। इसमें लोगों को हाथ से बने हुए कई तरह के उत्पाद खरीदने का मौका मिलेगा। इसमें ज्वैलरी, पेंटिंग, खादी से बने कपड़े, चूनरी आदि खरीदने का अवसर मिलेगा।



### यूट्यूब पर किया जाएगा प्रसारण

गीता महोत्सव के लिए जो नागरिक आईटीआई मैदान में नहीं पहुंच सकते, उनके लिए भी प्रशासन ने व्यवस्था की है। इसके लिए एनआईसी के कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम का प्रसारण डीसी महेंद्रगढ़ यूट्यूब पर किया जाएगा।

### मोटे अनाज से बने व्यंजन मिलेंगे

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के नागरिकों को मोटे अनाज से बने व्यंजन चखने को मिलेंगे। नागरिकों को बाजरा सहित अन्य मोटे अनाज के व्यंजन खरीदने का मौका मिलेगा। जिले की विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से कई फूड स्टाल लगाए जाएंगे। इसमें बाजरे के लड्डू, नमकीन व अन्य व्यंजन मिलेंगे।

### मुफ्त में मिक्की माउस झूला

इस बार का शुक्रवार व शनिवार जिले के बच्चों के लिए बहुत ही मनोरंजक होने वाला है। गीता महोत्सव के दौरान प्रशासन की ओर से बच्चों के मनोरंजन का भी खूब ख्याल रखा गया है। बच्चों के लिए इस बार भी मिक्की माउस झूला लगाया गया है, जो पूरी तरह से फ्री रहेगा। यह झूला दिन भर बच्चों के लिए खुला रहेगा।

### महोत्सव में बनेंगे लर्निंग लाइसेंस

एसडीएम कार्यालय की ओर से गीता महोत्सव कार्यक्रम के दौरान स्टॉल लगाकर मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदनकर्ता 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र, दो स्थाई पते का आईडी पूरफ, ब्लड ग्रुप टैस्ट की रिपोर्ट, जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से जारी एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की फोटो प्रति साथ लेकर आएं।

## चेयरपर्सन के साथ राज्यमंत्री समर्थक राजेंद्र को मिली जीत, भारती गुट हारा

# पेमेंट अप्रूवल कमेटी चुनाव में राजेंद्र सैनी को पांच वोटों से मिली जीत

**कमेटी का सदस्य बनने के लिए करवाए गए चुनाव में वार्ड पार्षद राजेंद्र सैनी के अलावा मोहनलाल शर्मा एवं सुशीला सैनी भी थे चुनाव मैदान में**





नारनौल। नगर परिषद कार्यालय में मतगणना करते अधिकारी एवं नगर पार्षद व चुनाव परिणाम उपरांत फूल-मालाओं से स्वागत करते समर्थक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

नगर परिषद की पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य का चयन वीरवार को कर लिया गया है।



राजेंद्र सैनी

चुनाव मतदान से हुआ, जिसमें वार्ड नं 14 के पार्षद राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू विजयी रहे। इस कमेटी का सदस्य बनने के लिए तीन नामांकन आए थे, जिनमें से राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू को 18, वार्ड नंबर चार के पार्षद मोहनलाल शर्मा उर्फ मौनी को 13 तथा वार्ड नंबर 23 की पार्षद सुशीला सैनी को महज एक वोट मिला। इस प्रकार टींकू पांच मतों से विजयी रहे।

कमेटी नप के आम चुनाव के करीब डेढ़ साल बाद गठित हो सकी है और अब शहर के विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जगी है। इस चुनाव से पहले तीन गुट बने हुए थे, जिनमें राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी के गुट माने जा रहे थे, लेकिन पेमेंट अप्रूवल कमेटी सदस्य का चुनाव होने से पहले राज्यमंत्री ओपी यादव व चेयरपर्सन कमलेश सैनी गुटों ने हाथ मिला लिया, जिससे उनकी विजय की राह आसान हो गई और पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी गुट से जुड़े पार्षद मोहनलाल शर्मा को पांच मतों से कराकर टिंकू सैनी ने जीत दर्ज की। पूर्व निर्धारित शेड्यूल अनुसार वीरवार दोपहर दो बजे नगर परिषद के पार्षदों की मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में सभी पार्षदों के पहुंचने पर चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने उनका स्वागत किया और सर्वसम्मति का प्रस्ताव रखा, लेकिन पार्षद इससे सहमत नहीं हुए।

एक बैलेट पेपर तैयार किया गया, जिस पर तीनों प्रत्याशियों के नाम लिखे हुए थे तथा मतदान के दौरान गुप्त रूप से पार्षदों को अपने चहेते पार्षदों प्रत्याशी के नाम के सामने मार्कर ब्लेक पेन से सही का निशान लगाना था। इसके साथ ही एक मतपेट्टी तैयार की गई और उसे खोलकर सभी को दिखाया गया। इस मतपेट्टी को मीटिंग रूम में बने एक कक्ष में पर्दा लगाकर रख दिया गया। जिसमें बारी-बारी से वार्ड वाइज एक-एक करके पार्षद मतदान करने पहुंचे। पार्षदों ने अपने चहेते प्रत्याशियों के नाम के सामने मार्कर पेन से सही का निशान लगाया तथा उसे मतपेट्टी में डाल दिया। सभी 31 पार्षदों के इस मतदान में हिस्सा लिया। हालांकि मतदान के बीच में नप के उपप्रधान संजीव कुमार उर्फ संजय यादव ने मार्कर पेन की स्याही नहीं सूखने एवं मतपत्र फोल्ड करने पर स्याही दूसरी तरफ लग जाने की बात सदन में रखी। जिस पर पेन की स्याही सूखने उपरांत ही उसे मतपेट्टी में नगर पार्षदों द्वारा डाला गया।

### तीन पार्षदों की कमेटी ने की गणना

मतदान संपन्न होने उपरांत तीन पार्षद मतगणना के लिए बुलाए गए, जिस पर नगर उपप्रधान संजय यादव, नगर पार्षद नितिन चौधरी, नगर पार्षद संदीप जैन एवं नगर पार्षद संदीप भांखर भी गिनती में शामिल हुए। हालांकि पार्षद मोहनलाल शर्मा भी इस गिनती में शामिल होने के लिए अपनी सीट से उठ खड़े हुए, लेकिन उन्हें प्रत्याशी होने के चलते इसमें शामिल करने से मना कर दिया गया।

### समर्थको ने लगाए नारे

जब मतगणना चल रही थी, तब एक-एक वोट मतपेट्टी से निकाला जा रहा था। जिस पर मत दो टुकड़ों में बांट दिए गए। एक ने राजेंद्र उर्फ टींकू तो दूसरे ने मोहनलाल उर्फ मौनी के वोट एकत्रित किए। बीच में एक वोट सुशीला का भी निकला। कमाल की बात यह रही कि जब वोटों की गिनती चल रही थी और कुछ वोट बाकी थे, तब ही कार्यालय से बाहर पब्लिक ने राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू की जीत की घोषणा करते हुए नारे भी लगा दिए। यानि गिनती के वक्त एक-एक वोट पर समर्थकों के कान लगे हुए थे। बाद में ईओ ने विधिवत घोषणा की तथा बताया कि राजेंद्र सैनी को 18, मोहनलाल शर्मा को 13 तथा सुशीला सैनी को महज एक वोट मिला व टींकू जीत गए।

### चेयरपर्सन ने भी डाला वोट

पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य का चयन जब मतदान के जरिए किया जा रहा था, तब नगर परिषद के सभी 31 पार्षदों ने अपना-अपना वोट डाल दिया था। सबसे अंत में चेयरपर्सन कमलेश सैनी खड़ी हुई और उन्होंने भी अपने मताधिकार का विधिवत रूप से प्रयोग किया। सभी की मौजूदगी में मतदान शांतिपूर्ण हुआ।

### महिला का सदस्य बनाने का रखा प्रस्ताव

इसी दौरान वार्ड पार्षद सुशीला सैनी ने पेमेंट अप्रूवल कमेटी का सदस्य किसी भी महिला पार्षद को बनाने का प्रस्ताव पार्षदों के सम्मुख रखा, लेकिन नगर पार्षद संदीप भांखर ने इसे सिरे से खारिज कर दिया कि इस तरह की परिपाटी पहले कभी नहीं डाली गई और हमेशा चुनाव ही हुए हैं। तत्पश्चात कार्यकारी अधिकारी सुमनलता से ने पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्यों के नाम मांगे, जिस पर तीन वार्ड पार्षदों राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू, मोहनलाल शर्मा उर्फ मौनी तथा सुशीला सैनी ने नामांकन पत्र भरे और उन्हें चुनाव कमेटी के सम्मुख प्रस्तुत किया। तीनों ही आवेदनों में कोई गलती या आपत्ति नहीं पाए जाने पर तीनों नामांकनों को चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने स्वीकार कर लिया तथा विधिवत चुनाव करवाने का निर्णय हुआ। चुनाव मतदान के जरिए करवाया गया।

### निकाला विजयी जुलूस

चुनाव में जैसे ही वार्ड पार्षद राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू की विजय हुई, उनके समर्थकों में जोश उमड़ गया। उन्होंने लड्डू बांटे तथा फूल-मालाओं से विजेता पार्षद टींकू, चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं समर्थक पार्षदों का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया। नप से उनके समर्थक डीजे बजाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे और अपने घर पहुंचे।

### यह है पेमेंट अप्रूवल कमेटी

पेमेंट अप्रूवल कमेटी अब बनकर तैयार हो गई है। ईओ सुमनलता ने कहा कि चेयरपर्सन इसकी प्रधान होंगी, नप उपप्रधान, ईओ, चुनाव जीते पार्षद व जिस वार्ड में काम होगा, उस वार्ड का पार्षद इस पेमेंट अपूरवल कमेटी के सदस्य होंगे। यानि अब चेयरपर्सन कमलेश सैनी इस कमेटी की अध्यक्ष होंगी, जबकि उपप्रधान संजय यादव, सीईओ, विजेता पार्षद राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू एवं संबंधित वार्ड पार्षद इसके सदस्य होंगे।



कनीना। ऑटो मार्केट का निरीक्षण करते एसडीएम सुरेंद्र सिंह व नपा सचिव समयपाल सिंह। फोटो: हरिभूमि

## एसडीएम को ऑटो मार्केट में मिला कूड़ा, 20 दुकानदारों के काटे चालान

- एसडीएम ने नपा के वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाकर सूचना देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने वीरवार को ऑटो मार्केट का निरीक्षण कर सरेआम कूड़ा डालने वाले दुकानदारों के चालान किए और दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त कर नगर पालिका कार्यालय में भिजवाया। एसडीएम की इस कार्रवाई से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि दुकान के बाहर कोई भी सामान न रखें तथा कूड़ा करकट डालने के लिए अपने दुकान पर डस्टबिन का इस्तेमाल करें। किसी दुकानदार के पास डस्टबिन नहीं पाया गया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाएगा। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर को साफ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी दुकानदार सहयोग करें। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि नपा अपने वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर व अखबार टेलीविजन के माध्यम से बार-बार अनाउंसमेंट करवा चुकी है, कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के बाहर कूड़ा करकट फैलाता है, जो एनजीटी के आदेशों की अवहेलना है। जिस पर बहुत मोटा जुर्माना लग सकता है। कूड़ा पाए जाने पर उन्होंने 20 दुकानदारों के चालान भी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि वे अपना चालान शीघ्र ही अदा करवा दें अन्यथा नगर पालिका प्रशासन दोबारा से उन दुकानदारों का जुर्माना बढ़कर चालान करेगा। इस मौके पर नपा सचिव समयपाल सिंह मौजूद रहे।

## झूठी शिकायत करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

- एसपी ने जांच अधिकारियों को 182 के तहत कार्रवाई के दिए निर्देश

नारनौल। पुलिस में झूठी शिकायतें देने वाले लोगों पर पुलिस धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को झूठी शिकायत दर्ज करवाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ 182 आईपीसी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिनके तहत थाना शहर पुलिस ने झूठा मामला दर्ज करवाने पर एक महिला के खिलाफ धारा 182 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि शहर निवासी एक महिला ने थाना शहर में मारपीट व छीना झपटी करने, छेड़खानी करने व एससी/एसटी एक्ट का मामला दर्ज करवाया था। शिकायत पर पुलिस ने जांच की, जांच में पाया कि महिला ने झूठी शिकायत देकर झूठा मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है। झूठी सूचना/शिकायत देने वाले के खिलाफ आईपीसी की धारा 182 के तहत कार्रवाई की जाती है। धारा 182 के तहत झूठी सूचना/जानकारी/शिकायत देने पर सजा का प्रावधान है। जांच में साबित हो जाता है कि शिकायतकर्ता द्वारा झूठी शिकायत दी गई तो धारा 182 के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। इसमें छह महीने की सजा व जुर्माना भी हो सकता है।

## आमजन को योजनाओं से जोड़ना यात्रा का मकसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा वीरवार को खंड के गांव हाजीपुर व निवाजनगर, नांगल चौधरी खंड के गांव मेघोत बिंजा व मेघोत हाला, कनीना खंड के गांव झिंगावन व सुंदरह तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव बेरी व भांडोर निची गांव में पहुंची। नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव हाजीपुर व निवाजनगर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं मघोत बिंजा व मेघोत हाला में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, झिंगावन में अटेली विधायक सीताराम यादव व सुंदरह में पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव तथा बेरी में मंडल अध्यक्ष दिनेश व भांडोर निची गांव में एसईपीओ अशोक कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाकर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के जरिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके घर द्वार पर ही दिया जा रहा है। अब गरीबों का हक कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभांवित किया जाएगा। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को मकान मुहैया करवाए जा रहे हैं। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने संबोधित करते हुए कहा विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा जहां जहां भी जा रही है, वहीं अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। हर व्यक्ति इस यात्रा से स्कीमों का लाभ ले रहे हैं।

## श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज एक्सप्रेस का टाइम टेबल बदला

# शनिवार से नए समय पर दौड़ेगी एक्सप्रेस ट्रेन

- सतनाली से तिलकब्रिज तक समय में हुआ आंशिक परिवर्तन, ट्रेन 3:51 बजे आएगी सतनाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतनाली मंडी




यात्रियों की मांग पर रेलवे की ओर से 14727 श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज एक्सप्रेस का सतनाली से तिलकब्रिज तक समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन 23 दिसंबर से सतनाली से तिलकब्रिज तक परिवर्तित समय से संचालित होगी। श्रीगंगानगर से सतनाली तक इसका समय पूर्ववत रहेगा। दैनिक रेल यात्री संघ एवं सतनाली रेल संघर्ष समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि इस ट्रेन के समय परिवर्तन के लिए दैनिक रेल यात्री संघ काफी लंबे समय से प्रयास कर रहा था।

उन्होंने बताया कि नई समय सारिणी में इस ट्रेन का समय सतनाली स्टेशन पर रात 3:30 बजे कर दिया गया था और यह ट्रेन आधे घंटे से भी अधिक समय तक रेवाड़ी स्टेशन पर खड़ी रहती।

### यात्रियों को मिलेगी राहत

जिससे सतनाली व इससे आगे रेवाड़ी तक के स्टेशनों के विशेषकर दैनिक रेलयात्री काफी परेशान थे। दैनिक रेल यात्री संघ की ओर से इसके समय में परिवर्तन की मांग की जा रही थी और इसके लिए अनेक बार पत्र व्यवहार किया गया, साथ ही सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने भी पत्र लिखे। उन्होंने बताया कि दैनिक रेल यात्री संघ के सार्थक प्रयास से अब इस ट्रेन का सतनाली से तिलकब्रिज तक समय में परिवर्तन किया गया है, जिससे यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा।

### सांसद का जताया आभार

उन्होंने सांसद धर्मबीर सिंह एवं रेलवे अधिकारियों का आभार जताया और सतनाली स्टेशन पर 22471-72 बीकानेर इंटरसिटी व 19701-02 सैनिक एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। जिसके लिए क्षेत्रवासी काफी लंबे अरसे से मांग कर रहे हैं और सांसद धर्मबीर सिंह भी अनेक बार पत्र लिख चुके हैं।

### यह रहेगी समय सारणी

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कै. शशि किरण के अनुसार श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज का 23 दिसम्बर से सतनाली से तिलकब्रिज तक आंशिक समय परिवर्तन किया जाएगा, जबकि श्रीगंगानगर से सतनाली तक इसका समय पूर्ववत रहेगा। यह ट्रेन श्रीगंगानगर से रात 8:20 बजे चलकर अलसुबह 3:51 बजे सतनाली, 4:01 बजे नावां, 4:10 बजे नांगल डिगरोता, 4:28 बजे महेंद्रगढ़, 4:37 बजे बोजावास, 4:43 बजे गुढ़ा केमला, 4:49 बजे कनीनाखास, 5:02 बजे डहीना जैनाबाद, 6:00 बजे रेवाड़ी, 6:12 बजे कुंभावास मुंढलिया, 6:19 बजे खलीलपुर, 6:28 बजे ईंच्छापुरी, 6:36 बजे पटौदी रोड, 6:43 बजे जटौला जौड़ी सांपका, 6:49 बजे ताज नगर, 6:55 बजे पातली, 7:05 बजे गढ़ी हरसरू, 7:11 बजे बसई धनकोट, 7:19 बजे गुरुग्राम, 7:27 बजे बिजवासन, 7:33 बजे शाहबाद मोहम्मदपुर, 7:39 बजे पालम, 7:48 बजे दिल्ली कैंट, 8:04 बजे पटेलनगर, 8:09 बजे दयाबस्ती, 8:13 बजे विवेकानंदपुरी हाल्ट, 8:18 बजे दिल्ली कासगंज, 8:27 बजे सदर बाजार, 8:46 बजे नई दिल्ली, 8:52 बजे शिवाजी ब्रिज व सुबह 9:10 बजे तिलक ब्रिज पहुंचेगी।

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों, लीगो** के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैंथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका





**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री





**न्यूजीलैंड** के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *

## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



**ब्राजील की** राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

---

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

# सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

---

छोटी कहानी / विनीता

# हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *

---



कविता / प्रकाश मनु

# क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

---

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर




रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली



निरीक्षा, बिलासपुर

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिमि दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

# नमूना पेपर की करें जमकर तैयारी, बार-बार प्रैक्टिस करने से बोर्ड परीक्षा में अवश्य मिलेंगे अच्छे अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से फरवरी या मार्च माह में दसवीं व बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की मुख्य परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। परीक्षा को लेकर दिसंबर, जनवरी माह में बच्चों को अधिक टेंशन रहती है, क्योंकि नवंबर महीने के अंत तक सभी कक्षाओं का सिलेबस सम्पूर्ण हो जाता है। इसके बाद बच्चे रिवीजन करना शुरू कर देते है। बोर्ड भी बच्चों के परीक्षा फॉर्म भरवा कर अपनी सभी तैयारियां पूरी कर लेता है। बच्चों के हित को देखते हुए शिक्षा बोर्ड ने दसवीं व बारहवीं कक्षा के प्रत्येक विषय के चार-चार प्रैक्टिस पेपर जारी कर दिए है, ताकि बच्चों को तैयारी करने में कोई परेशानी ना हो।

**नमूना पेपर हल करने के फायदे:** सैंपल पेपर सिलेबस को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाते है। अगर आप परीक्षा के लिए अपने सिलेबस को अच्छी तरह से समझना चाहते है, तो सैंपल पेपर की प्रैक्टिस जरूर करें। सैंपल पेपर से प्रैक्टिस करने से एग्जाम स्ट्रेस कम होता है। इससे अपनी तैयारी आंकने का मौका मिल जाता है, जिससे परीक्षा के दौरान काफी मदद मिल जाती है। सैंपल पेपर सॉल्व करने से अभी तक की तैयारी पुख्ता हो जाती है। इसे एक तरह का रिवीजन मानना चाहिए। सैंपल पेपर की मदद से मार्किंग स्कीम को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। सैंपल पेपर को हमेशा बहुत गंभीरता और ईमानदारी के साथ सॉल्व करें। इससे आप टाइम मैनेजमेंट करना सीख जाएंगे। सैंपल पेपर को बिल्कुल मुख्य परीक्षा की तरह मानें और हर प्रश्न को सॉल्व करने के लिए टाइम फिक्स करें।

### गैस पेपर के साथ समाधान भी प्रस्तुत किया

हरियाणा बोर्ड ने दसवीं व बारहवीं कक्षा के चार-चार नमूना पेपर वेबसाइट पर अपलोड किए है। जिसको विद्यार्थी आसानी के साथ डाउनलोड करके हल कर सकता है और साथी ही पेपर को चेक करने के लिए वेबसाइट पर ही आंसर कुंजी भी अपलोड किया है। अपने नमूना पेपर को विषयवार हल करके गुणवता को जांचा जा सकता है, जो विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से नमूना पेपर डाउनलोड नहीं कर सकता है, वह विद्यार्थी बाजार से बुक डिपो पर नमूना पेपर खरीद सकता है।

### पिछले कुछ वर्षों के पेपर हल करने से मुख्य परीक्षा में मिलेगी सहायता

नमूना पेपर के साथ-साथ पिछले वषारें के पेपर सॉल्व करने से विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा में सहायता अवश्य मिलती है। देखने में आता है कि पिछले कुछ वषारें के पेपरों में बार-बार प्रश्न रिपीट होते है। नमूना पेपर और पिछले कुछ वषारें के पेपर हल करने से अच्छे मार्क्स प्राप्त किए जा सकते है।

### पढ़ाई का अच्छा मौसम सिलेबस भी हो चुका पूरा

दिसंबर माह तक 10वीं व 12वीं कक्षा का सिलेबस कंप्लीट हो जाता है। अब बच्चे केवल रिवीजन ही करते हैं। पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण भी है। बोर्ड की ओर से जारी नमूना पेपरों को विद्यार्थी अवश्य बार-बार प्रेक्टिस करें, साथ ही पिछले कुछ वषारें के पेपर का भी रिवीजन करें। ऐसा करने से मुख्य परीक्षा में अच्छे मार्क्स प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा तक टीवी व मोबाइल से दूरी बनाकर रखे।

-देवेन्द्र कुमार, विज्ञान अध्यापक राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी।

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। रोगियों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो: हरिभूमि

### हृदय रोग शिविर में 15 रोगियों की हुई जांच

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव की अध्यक्षता में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की यह शिविर प्रत्येक वीरवार को शाम चार बजे से लगाया जा रहा है। यदुवंशी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रतिक्ष यादव ने रोगियों की हृदय जांच की व उनके सहयोगी सुखबीर ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी, वजन इत्यादि की जांच की।


महेंद्रगढ़। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### स्पीड किक फाइट ट्रायल में छाई बीजेआरडी

**महेंद्रगढ़।** गत दिनों यादव धर्मशाला नारनौल में नेशनल स्पीड किक फाइट ट्रायल आयोजित हुआ। जिसमें बीजेआरडी स्कूल के 12 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इनमें निकिता, वंदना, सागर, पवन, मानव और गगन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खिलाड़ी पारुल, वंशिका, दीपक, तुषार और गौरव ने कांस्य पदक और खिलाड़ी पुष्कर ने रजत पदक प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। निदेशक राजपाल यादव ने विजेता को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।


महेंद्रगढ़। मौन धारण करते शाखा सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### लक्ष्मण मेहता के निधन पर जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** भारत विकास परिषद् शाखा महेंद्रगढ़ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश मेहता के स्वर्गीय पिता लक्ष्मण मेहता के निधन पर कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाखा प्रधान सुरेश सैनी ने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मण मेहता के आकस्मिक स्वर्गवास पर समाज व नगर को जो क्षति हुई है, उसे भारत विकास परिषद शाखा भली भांति महसूस करती है। मेहता ने अपने पद पर रहते हुए ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा की जो मिशाल प्रस्तुत की।


मंडी अटेली। रामपुरा से नावदी जाने वाला कच्चा रास्ता। फोटो: हरिभूमि

### रामपुरा-नावदी कच्चे रास्ते को पक्का न करने से रोष

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव रामपुरा से नावदी को जाने वाले कच्चे रास्तों को पक्का करने पर लोगों ने नाराजगी जताई है। लोगों ने कहा कि मार्ग का निर्माण 16 फुट में किया जा रहा है, संकरा होने से आवागमन में परेशानी होगी। ग्रामीण कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, हरीश कुमार, जयसिंह, लालाराम, रामसिंह, विष्णु शर्मा, अजय शर्मा, मनोज शर्मा, गजानंद शर्मा, महेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह व देवेंद्र कुमार आदि इस पर रोष प्रकट किया।

### रोहन कुमार ने किया तीन विद्यालयों का निरीक्षण

**लोहारू।** मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रोहन कुमार ने गुरूवार को लोहारू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए सोहांसरा व बिसलवास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और शिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीईओ विजय प्रभा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोग ने तीनों विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं।

## स्कीम वर्कर को 28 हजार रुपये न्यूनतम वेतन देने की मांग

# एआईयूटीयूसी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन सीटीएम को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

- प्रधानमंत्री की घोषणा अनुसार मानदेय नहीं देने से कार्यकर्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। सीटीएम डा. मंगल सेन को ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

केन्द्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी कार्यकर्ताओं ने वीरवार को लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित होकर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सीटीएम डा. मंगल सेन को सौंपा। जिसमें मांग है कि प्रदेश व केन्द्र सरकार स्कीम वर्कर का न्यूनतम वेतन 28 हजार रुपये घोषित करके उसे तुरंत लागू करें। इसके अलावा ज्ञापन में सभी के लिए ईएसआई व ईपीएफ की सुविधा प्रदान करने, चारों लेबर कोड को रद्द करने, श्रम हितेषी कानूनों को कठोरता से लागू करने, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, स्कीम वर्करों को कर्मचारियों का दर्जा देने तक उन्हें श्रमिक का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन देने की मांग की। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्करों व हैल्परों के मानदेय में प्रधानमंत्री ने क्रमशः 1500 व 750 रुपये की मासिक बढ़ौतरी लागू करने की घोषणा की थी, इस समझौते को लागू किया जाए, मिड-डे-मील कर्मियों को वर्ष में 10 महीने की बजाए 12 माह का मानदेय दिया जाए, आशा कर्मियों के साथ पहले किए गए समझौते व उनकी मानी गई मांगों को लागू किया जाए, निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण व हितलाभ दिए जाने की शर्तें सरल की जाए, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, खाली पदों को भरा जाए, सभी को रोजगार मुहैया करवाया जाए, उच्च शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त प्रदान की जाए, नई शिक्षा नीति वापस ली जाए, बिजली बिल 2022 को रद्द किया जाए, प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाए, सरकारी संस्थाओं के निजी करण पर रोक लगाई जाए आदि मांगों को पूरा किया जाए। इससे पूर्व प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूर-कर्मचारियों का जीवन आसमान छूती महंगाई, प्रदेश में भंयकर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शोषण व उत्पीड़न करने वाली जन विरोधी नीतियों के चलते मेहनतकश जनता का जीना दुभर हो गया है। मजदूर-कर्मचारियों की न्यायसंगत मांगों की अनदेखी व सरासर अवहेलना कर सरकार पूंजीपतियों की झोली भरने का काम कर रही है, जो सरकार के जन विरोधी चेहरे को साफ उजागर करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में आमजन के पास आंदोलन ही जन समस्याओं के समाधान का रास्ता है। केन्द्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी इसी राह पर श्रमिकों को लामबंद कर शोषण से मुक्ति के रास्ते पर अग्रसर है।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन को स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा से नांगल चौधरी ब्लॉक प्रधान कमलेश, आशा कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा से निर्मला, मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन नारनौल ब्लॉक प्रधान माया देवी, ब्लॉक प्रधान अटेली प्रेमलता, एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, उप प्रधान सीताराम, जिला सचिव छाजूराम रावत, भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन से महावीर गोद, ग्रामीण चौकीदार संगठन हरियाणा के जिला प्रधान सुरेश चन्द नंगली, ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के जिला उप प्रधान मुकेश कुमार ने संबोधित किया।


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# यदुवंशी कनीना के छात्र ने खंड स्तरीय कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

खंड स्तरीय कला उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यदुवंशी शिक्षा निकेतन कनीना के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत में कक्षा नौवीं से रिद्धि द्वितीय, संगीत वादन में कक्षा नौवीं से निखिल ने प्रथम, लोक संगीत में कक्षा नौवीं से नीतीश ने तृतीय, मोनो एक्क्टिंग में कक्षा नौवीं से ईशु ने प्रथम, क्लासिकल नृत्य में कक्षा नौवीं से साहिल ने प्रथम व लोक नृत्य में कक्षा नौवीं से समर्थ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासित रहते हुए परिश्रम करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं तथा अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करें। उपनिदेशक धर्मेश कौशिक व प्राचार्य नरेंद्र गौतम ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हमें जीवन में हर क्षेत्र में इसी तरह आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक मेहनत करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक समाज व संस्था का नाम रोशन करें। उपनिदेशक धर्मेश कौशिक व प्राचार्य ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर संगीत स्टाफ मोनिका शर्मा, मनीष राणा, गतिविधि इंचार्ज मोनिका यादव, सीनियर कोऑर्डिनेटर शशिकला, जूनियर हेड पूनम यादव, बबीता, जितेंद्र शास्त्री, डीपी अमित आदि उपस्थित रहे।


नारनौल। झंडा फहराकर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते विपिन कुमार व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव व नैतिकता का पढ़ाया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- सोनी प्रथम, हिमांशी द्वितीय व भारती तृतीय स्थान पर रही

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान व उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष मोनिका गुप्ता व रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन में चल रहे पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन वीरवार को पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने रेडक्रॉस का झंडा फहराकर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। बच्चों को नशा व उसकी हानियां एवं नैतिकता पर चर्चा की। साहित्यकार भूपसिंह भारती ने नशे की कुप्रवृति पर अपने दौहे सुनाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रेडियो अरावली स्टेशन की टीम ने राष्ट्र की उन्नति में दूर संचार के महत्व पर प्रकाश डाला। कैम्प प्रभारी टेकचंद यादव ने रेडक्रॉस संस्था इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रवक्ता सीएस वर्मा की मौजूदगी में सायं कालीन सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें निर्णायक मंडल की भूमिका पवित्रा यादव, सुभाष सोनी, अगेंद्र ने निभाई। लड़कियों में पीएम श्री स्कूल अटेली की छात्रा सोनी प्रथम, आरोही स्कूल मंढाणा की हिमांशी द्वितीय, पीएम स्कूल अटेली की भारती तृतीय स्थान पर रही। लड़के वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा का वंश प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद का समीर द्वितीय व मॉडल संस्कृति स्कूल नारनौल का छात्र लव तृतीय स्थान पर रहा।

# पैसा खर्च हो तो जनता को सुविधा भी मिले: राव सुखबिन्द्र

- अंडरपास निर्माण सामग्री पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। गांव मंडलाना में लोगों के साथ चर्चा के बाद राव सुखबिन्द्र सिंह।

विकास कार्य करवाते समय अधिकारियों को यह देखना चाहिए कि जहां खजाने से जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खर्च किया जा रहा है, उससे लोगों को सुविधा और लाभ भी मिले। उक्त विचार अपने जनसंपर्क अभियान के तरह गांव ताजीपुर में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व सांसद राव मानसिंह के पुत्र एवं सेवानिवृत्त अधीक्षक अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने व्यक्त किए। इस अवसर पर ताजीपुर के ग्रामीणों की शिकायत की कि गांव मांदी से लॉजिस्टिक हब को जाने वाले रोड पर उनके गांव के पास जो अंडरपास बनाया गया है, वह सही तरीके से नहीं बनाया गया और तंग भी है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और बरसात में पानी निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि वे प्रशासन को ज्ञापन भी दे चुके हैं और अधिकारी मौका भी देख गए है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। राव ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व प्रशासन से लोगों की समस्या का जल्दी समाधान करने की मांग की। राव ने वीरवार को गांव नांगल शालू व मंडलाना में भी जनसंपर्क किया। इस मौके पर लालसिंह, नाथूलाल, कृष्ण कुमार सरपंच, राजेश, दलीप सिंह, शीशराम, शेरसिंह, भूपसिंह, अशोक कुमार, रामसिंह मुनीम, सांवतराम, ओमप्रकाश, दारासिंह, रणजीत, नानक चंद, हंसराज, रतिराम, चंद्रभान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


नारनौल। विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नारनौल।** सिहमा ब्लॉक क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले स्कूल स्तर पर सड़क सुरक्षा पर भाषण, रंगोली, पेंटिंग आदि पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें राजकीय उच्च विद्यालय खासपुर से भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की छात्रा एकता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से पलक, दयानिधि, रितिका व नीलम ने प्रथम स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के छात्र मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहमा के प्रिंसिपल व इंस्पेक्टर बृजभूषण ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# केवल प्रेम बंधन के वश में भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। श्रीराम कथा में उपस्थित महिलाएं व कथा सुनाते शास्त्री। फोटो: हरिभूमि

हुडा सेक्टर एक में स्थित प्लाट नम्बर 166 में महिला मंडल की ओर से आयोजित की जा रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में सातवें दिन वीरवार को वृंदावन धाम से पधारे महाराज जय कृष्ण शास्त्री ने कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर पाप बढ़ा है। भगवान ने किसी ने किसी रूप में पृथ्वी पर जन्म लेकर पापियों को समाप्त किया है। शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म भी धरती पर पापियों का नाश करने के लिए ही हुआ था। उन्होंने कहा कि जो जीव भगवान के नाम को प्रेम पूर्वक ले, भाव से ले या कुभाव से ले। भगवान का नाम लेने से जीव का कल्याण ही होता है। भाव, कुभा, अनख, आलस हूं नाम जपत मंगल दिसी दसहू जो भी जीव भगवान के नाम का आश्रय ग्रहण करेगा। उसके जीवन में हमेशा मंगल ही मंगल होगा। जिस समय दशरथ जी ने रामजी को भोजन के लिए बुलाया तो प्रभु नहीं आए, लेकिन मां कौशल्या प्रेम पूर्वक लेने गई तो प्रभु आए। कहने का तात्पर्य है कि भगवान केवल प्रेम के बंधन में ही बांधे जा सकते हैं।


महेंद्रगढ़। ग्रामीणों से मिलते डॉ. भूपसिंह यादव। फोटो: हरिभूमि

### युवाओं के रोजगार को नहीं उठाए जा रहे कारगर कदम डॉ. भूपसिंह यादव

**महेंद्रगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी एवं पशुपालन विभाग के पूर्व उपनिदेशक डॉ. भूपसिंह यादव का जनसंपर्क अभियान वीरवार को भी जारी रहा। डॉ. भूपसिंह ने वीरवार को क्षेत्र के गांव ढाढोत, बलायचा, निंबी, छाजियावास सहित अनेक गांवों का दौरा कर लोगों की समस्या सुनी। विधायक व पूर्व विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि इन दोनों विधायक ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में कोई विकास कार्य नहीं किए है। क्षेत्र के युवा बेरोजगार तथा किसानों के कुएं सूख चुके है। महेंद्रगढ़ विस क्षेत्र के साथ पिछले 45 वर्षों से कांग्रेस व भाजपा के विधायक रहे हैं। दोनों विधायकों ने कोई कार्य नहीं है। क्षेत्र में नहरी पानी का समान बंटवारा नहीं होने से क्षेत्र की कृषि योग्य जमीन रेगिस्तान में तब्दील हो चुकी है।

## सूचना

मैं, अभिषेक सैनी पुत्र श्री अजीत सैनी निवासी महेन्द्रगढ़ तह. व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरी माता जी श्रीमती कुसुमलता पत्नी श्री अजीत सैनी के नाम से पुरानी रजिस्टरी बनी हुई थी जो कि मैंने अपने नाम से करवा ली थी। मेरे से अपनी माता जी वाली रजिस्टरी गुम हो गई है और जिसकी एफआईआर दर्ज है। मुझे यदि मेरी माता जी वाली असल रजिस्टरी मिल जाती है तो मैं उसका मिसयूज नहीं करूंगा।

## शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा बेरी व नीची भांडोर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ


महेंद्रगढ़। विकसित भारत की शपथ लेते नागरिक। फोटो: हरिभूमि

- ग्रामीणों ने विकसित भारत की शपथ ली

आगामी 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को खंड के गांव बेरी व नीची भांडोर पहुंची। इस यात्रा में गांव बेरी में मुख्यातिथि मंडल अध्यक्ष दिनेश व नोडल अधिकारी सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य गांव मौजूद थे। गांव नीची भांडोर में मुख्यातिथि एसईपीओ अशोक कुमार मौजूद थे।

गांव बेरी गांव के सरपंच हंसा देवी व गांव नीची भांडोर के सरपंच राम सिंह ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस मौके पर विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं व विभागों द्वारा चलाई गई स्कीमो की जानकारी दी।

गांव बेरी में गांव के सरपंच ने मुख्यातिथि की अध्यक्षता में गांव के स्कूल टॉपर बच्चे रेखा, लोकेश, सोनिका, सुनीता, राहुल, रितु, युकेश, रितिका, शुभम, दीक्षा, जतिन, अन्नू, मन्नू, करीना, कोमल, रितिका, लक्की, सानवी, सूरज, तानिया, हर्ष, वंश, प्रेक्षा, भविष्य, मीनाक्षी को सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव नीची भांडोर लक्की, आरजू, सोनू, निखिल, कनिष्का, उदित, प्रतीक, रोमित को सम्मानित किया।

गांव नीची भांडोर में सरपंच ने गांव के शहीद श्योदान के परिजनों को सम्मानित किया व गांव की सबसे बुजुर्ग पुरुष बनवारी लाल व गांव की सबसे बुजुर्ग महिला माली देवी को सम्मानित किया।

### आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में जानकारी दी

**महेंद्रगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड की स्कीम चलाई जा रही है, जिसमें जिस व्यक्ति की सालाना आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है उस व्यक्ति को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने गांव बेरी में 36 नागरिकों का व गांव नीची भांडोर में 40 नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया व विभाग द्वारा 209 नागरिकों की जांच की। इस यात्रा में सिविल सर्जन ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जायजा लिया। इस मौके पर कल्याण विभाग से एआरओ धर्मेंद्र, ग्राम सचिव ओमप्रकाश, प्रदीप, डीईओ नितिन कुमार, क्रिड विभाग से रवि तंवर बसई के अलावा अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

SANSKRITI INSTITUTE OF EDUCATION & TECHNOLOGY
(A College of Pharmacy)
Amarpur Jorasi, Narnaul - 123001
Email : sietnnl@gmail.com
Approved by PCI, New Delhi
Affiliated by HSBTE, Panchkula, Pt. BD Sharma University
ADMISSION OPEN
B-PHARMACY Last Date : 30.12.2023
D-PHARMACY Last Date : 30.12.2023
Qualification : 12th (Physics, Chemistry, Biology/Maths
Contact us : 9812224055, 9671668844, 9887939638

## खबर संक्षेप



### दीपक यादव बने युवा इनेलो जिला प्रधान

**महेंद्रगढ़।** बवानियां निवासी दीपक यादव को इनेलो पार्टी ने युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। दीपक यादव ने अपनी नियुक्ति का श्रेय पार्टी प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने उन पर जो विश्वास किया है उस पर खरा उतरगें तथा संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जिले में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का रहेगा।



### भक्ति मार्ग पर चलकर जीवन को सफल किया

**नारनौल।** गांव खेड़ी तलवाना के बाबा रामदेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वीरवार को व्यासपीठ पर विराजमान महंत शिवराम अग्निहोत्री ने ध्रुव भगत व मार्कण्डेश्वर की कथा का वर्णन किया। ध्रुव भगत ने सत्य भक्ति मार्ग पर चलकर जीवन को सफल किया। इसी तरह कलयुग में हम प्राणी भी सत्य व भक्ति मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल कर सकते हैं। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट भी कथा श्रवण करने पहुंचे।



### उपराष्ट्रपति के विरुद्ध टिप्पणी पर केस दर्ज करने की मांग

**नारनौल।** शहर थाना प्रभारी प्रबंधक को अखिल भारतीय परशुराम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गत दिवस संसद में हिंदुस्तान के महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का सदन के भीतर तृणमूल (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा की गई हरकत अत्यंत निंदनीय है। धनखड़ एक संवैधानिक पद पर सुशोभित हैं। ऐसे में तत्काल कल्याण बनर्जी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि सांसद के विरुद्ध वह न्यायालय में भी कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

### पचेरवाल बने कष्ट निवारण समिति के सदस्य

**भिवानी।** भाजपा महासंपर्क अभियान के जिला संयोजक रमेश पचेरवाल को जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर वीरवार को विश्राम गृह में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। पचेरवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल , सांसद धर्मवीर सिंह, प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, विधायक घनश्याम दास सर्राफ का आभार जताया।

### चौधरी चरणसिंह की जयंती पर होगा सम्मेलन

**भिवानी।** चौधरी चरण सिंह की जयंती पर 24 दिसंबर को लोहारू के सिंघानी गांव में आयोजित किए जा रहे अन्नदाता सम्मेलन में भारी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ेगी। ये दावा भाजपा नेता जितेन्द्रनाथ एडवोकेट ने तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लोगों को अन्नदाता सम्मेलन में पहुंचने का न्योता देते हुए किया।

# कबड्डी के प्रति जुनून में अधिवक्ता ने खेत में अपने पैसे से बना दी आधुनिक स्पोर्ट्स एकेडमी, मैदान व अखाड़े में परंपरागत मिट्टी

## कुश्ती-कबड्डी मैट, जिम, हॉस्टल, कोच व रोशनी की है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

कबड्डी खेल से लगाव जब जुनून में बदला तो अधिवक्ता यादवेन्द्र सिंह ने अपने पैसे से अपने ही खेत में कुश्ती व कबड्डी की अकादमी बना डाली। जिसमें न केवल परम्परागत मिट्टी वाले खेल मैदान और अखाड़ा है, बल्कि इनडोर मैट वाला अखाड़ा व कबड्डी का ग्राउंड भी है। इतना ही नहीं अकादमी में जिम की सुविधा के साथ-साथ रात में प्रैक्टिस के लिए लाइट व हॉस्टल की भी व्यवस्था की गई है।

**खास बातें**

- अपने समय में कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं यादवेंद्र सिंह
- बच्चों को ट्रेनिंग देने के लिए नियुक्त किया गया है विशेषज्ञ कोच

### एकेडमी में रात को प्रैक्टिस के लिए लाइट और अखाड़े की भी व्यवस्था

#### 48 फीट चौड़े व 120 फीट लंबे शैड का भी निर्माण

नगर परिषद का हिस्सा बन चुके गांव नीरपुर निवासी अधिवक्ता यादवेन्द्र सिंह का कबड्डी व कुश्ती को लेकर जुनून इस हद तक बढ़ा कि उन्होंने अपने खेत में अपने पैसे से कुश्ती-कबड्डी की शक्ति स्पोर्ट्स एकेडमी बना दी। उन्होंने नीरपुर चौक के पास अपने खेत में 48 फीट चौड़े व 120 फीट लम्बे टीन शैड का निर्माण करवाकर उसमें मैट वाले कुश्ती व कबड्डी के ग्राउंड बनवाए हैं। वहीं खिलाड़ियों के लिए जिम की भी व्यवस्था की है। इसके अलावा परंपरागत मिट्टी वाले अखाड़ा व कबड्डी ग्राउंड भी तैयार करवाए हैं। एकेडमी में ही रहकर प्रैक्टिस करने वाले युवाओं के लिए उन्होंने 15 बच्चों के लिए हॉस्टल की भी व्यवस्था करवाई है। बच्चों को ट्रेनिंग देने के लिए कोच रखा हुआ है और खुद भी समय लगाते है, जो बच्चे रात में भी प्रैक्टिस करना चाहते है, उनके लिए अंदर-बाहर दोनों जगह रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था करवाई हुई है। यादवेन्द्र सिंह ने अंतर-विश्वविद्यालय स्तर तक वॉलीबॉल खेला है। वहीं कबड्डी के भी अच्छे खिलाड़ी रहे है। वे क्षेत्र से गायब होते जा रहे कबड्डी-कुश्ती जैसे खेलों को पुनः लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत है, उनका बेटा सक्षम भी उदयीमान पहलवान है।



नारनौल। कुश्ती व कबड्डी के मैट ग्राउंड। फोटो: हरिभूमि

#### 20 से 25 खिलाड़ी

यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि बच्चों से मात्र पांच सौ रुपये महिना मेंटेनेंस चार्ज लिया जाता है, लेकिन गरीब व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से यह चार्ज भी नहीं लिया जाता और उन्हें डाइट भी फ्री दी जाती है। फिलहाल यहां पर 20-25 खिलाड़ी अभ्यासरत हैं। बच्चों के प्रोत्साहन के लिए अकादमी की ओर से हर तीन माह में एक बार कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन अंडर-19 खिलाड़ियों के लिए किया जाता है, जिसमें आकर्षक इनाम दिए जाते हैं।

#### मैट पर होती है कुश्ती-कबड्डी

यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि कुश्ती-कबड्डी इस इलाके के परम्परागत खेल रहे है। उनके चाचा पूर्व सांसद राव मानसिंह अपने दौर के बेहतरीन पहलवान और कबड्डी खिलाड़ी थे। वे खेल कोटे से ही पुलिस में अधिकारी बने थे और एसएसपी सेवानिवृत्त हुए, लेकिन धीरे-धीरे दोनों ही खेल इलाके से लगभग गायब हो गए है, क्योंकि बड़े स्तर पर अब कुश्ती-कबड्डी मैट पर होती है। जिसकी कोई सुविधा जिले में नहीं थी और ना ही कोई प्रशिक्षक यहां सरकारी स्तर पर उपलब्ध है। इसलिए उन्होंने आधुनिक इनडोर खेल मैदान तैयार करवाए है। जिसमें लगभग 50 लाख की लागत से इनडोर-आउटडोर ग्राउंड, जिम, हॉस्टल, रौशनी, पानी व कोच आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अकादमी नीरपुर चौक से मात्र 300 मीटर की दूरी पर है और किन्नू के बागों के बीच शांत व स्वच्छ स्थान पर स्थित है।

## डीजे रजनीश बंसल व मुख्य चुनाव अधिकारी रविंद्र सिंह ने दिलवाई शपथ

# नारनौल बारः नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ





नारनौल। बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते डीजे रजनीश बंसल एवं मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव व पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करते नारनौल बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### शांतिपूर्ण मतदान व चुनाव में भाईचारा दिखाने पर वकीलों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

जिला बार एसोसिएशन नारनौल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को वीरवार को बार हॉल में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। शपथ जिला सत्र एवं न्यायाधीश रजनीश बंसल तथा मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव, उपप्रधान एडवोकेट विनय कुमार, सचिव एडवोकेट सुमित चौधरी, ज्वाइंट सैक्रेट्री अश्विनी सिंह, खजांची एडवोकेट विपिन कुमार, ऑडिटर एडवोकेट सुगन सिंह छिलरो तथा लाइब्रेरियन कार्तिक यादव शामिल रहे। सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एआरओ एडवोकेट रामजीलाल यादव ने बार चुनाव संपन्न होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि बार चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए हैं तथा इसके लिए सभी अधिवक्तागण बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में अधिवक्ताओं ने प्रेम एवं भाईचारे की भी मिसाल कायम की तथा प्रधान एवं सचिव पदों को छोड़कर शेष सभी पदाधिकारी निर्विरोध तरीके से चुन लिए गए। प्रधान पद के लिए एडवोकेट मंजीत सिंह यादव एवं सचिव पद के लिए एडवोकेट सुमित चौधरी ने मतदान के जरिए जीत दर्ज की है। चुनाव बार काउंसिल की हिदायतों के अनुसार संपन्न करवाए गए तथा उन्हें पूरी उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी निष्पक्ष एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वाहन करेगी। इस मौके पर उन्होंने निवर्तमान प्रधान एडवोकेट राजकुमार रामबास से एडवोकेट मंजीत सिंह यादव को प्रधान पद का चार्ज दिलाया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस चुनाव में एआरओ एडवोकेट रामजीलाल यादव एवं एआरओ एडवोकेट रणधवा सिंह के साथ-साथ एडवोकेट सुधीर यादव, पूर्व उपप्रधान एडवोकेट रामवीर, एडवोकेट धर्मबीर गुलावला एवं एडवोकेट सोमवीर का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में लेडिज बार रूम का उपयोग किया गया।

#### जाने अनजाने में हुई भूल के लिए मांगी माफी

शुक्रवार को सेवानिवृत हो रहे जिला सत्र एवं न्यायाधीश रजनीश बंसल ने कहा कि कल शुक्रवार को उनकी रिटायरमेंट है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने बार एवं बैंच के बीच बेहतर संबंध रखने का प्रयास किया है। यदि फिर भी उनसे कहीं कोई भूल हो गई तो माफ करें और आगे भी बेहतर संबंध बनाए रखें।

#### बेहतर करने का होगा प्रयास

नवनिर्वाचित बार प्रधान एडवोकेट मंजीत सिंह यादव ने कहा कि वह बार एवं बैंच के बीच बेहतर संबंध बनाने का प्रयास करेंगे और वकीलों के हक में लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस मौके पर एडीजे डीएन भारद्वाज, एडीजे योगेश चौधरी, एडीजे अमनदीप दीवान, सीजेएम कीर्ति जैन, सीजेएम अंजली जैन लीगल ऐड, एडिशनल सिविल जर्ज अमित सिंह, सीजे (जेडी) अमनदीप के अलावा पूर्व प्रधान एडवोकेट राजकुमार रामबास, पूर्व प्रधान राजकुमार मेहता एडवोकेट, पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ एडवोकेट एवं सुभाष यादव एडवोकेट मौजूद रहे।



कनीना। ट्रक की टक्कर से टूटा नपा की ओर से लगवाया गया स्वागत द्वार।

# सुबह ट्रक ने उड़ाया नपा का स्वागत द्वार

- कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे 24 पर अटेली मोड़ के समीप घटित हुआ हादसा
- स्वागत द्वार व खंभे को घसीटकर दूर तक ले गया ट्रक, तेज धमाके की आवाज से सहमें लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नबर 24 पर अटेली मोड़ के समीप नगर पालिका प्रशासन की ओर से करीब छह वर्ष पूर्व लगाया गया लोहे का स्वागत द्वार वीरवार सुबह एक ट्रक ने टक्कर मार कर उड़ा दिया। गनीमत रही कि इस दौरान ट्रक के नजदीक कोई अन्य वाहन नहीं था और ना ही कोई राहगीर। जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है कि तेज रतार ट्रक कनीना से महेंद्रगढ़ की ओर जा रहा था। जिसकी परिचालक साईड स्वागत द्वार के खंबे से जा टकराई। देखते-देखते ट्रक स्वागत द्वार व खंबे को कुछ दूरी तक घसीटता हुआ आगे बढ़ गया।

टक्कर लगने से तेज धमाका हुआ। जिसे लेकर नागरिकों को अनहोनी का आभास हुआ। मौके पर जाकर देखा तो स्वागत द्वार सड़क के बीचोंबीच पड़ा हुआ था। चालक वाहन को मौके से भगाने में कामयाब हो गया। इबाद में वाहन चालकों ने स्वागत द्वार को सड़क के एक ओर किया। जिससे यातायात सुचारू हो पाया। दूसरी ओर माना जा रहा है कि धुंध व कोहरे के चलते ट्रक चालक को दिखाई न देने से घटना घटित हुई। जिसमें किसी की जनहानि नहीं हुई। ईधर एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सर्दी में धुंध एवं कोहरे के चलते वाहन चालक सावधानी बरतें। सड़क पर धीमी गति से चले तथा फॉग लाइट का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी को लेकर प्रशासन की ओर से सड़क पर सफेद पट्टी लगवाई गई है। यातायात नियमों का पालन करते हुए चालक वाहनों का चलाएं। स्वागत द्वार को ट्रक चालक द्वारा टक्कर मारने की सूचना मिलने पर पुलिस व नगर पालिका प्रशासक एडीएम सुरेंद्र सिंह, नपा सचिव समयपाल सिंह मौके पर पंहुचे। जिहोंने निरीक्षण करने के बाद ट्रक चालक की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही। उहोंने कहा कि स्वागत द्वार को दुरूस्त करवाकर पुनः लगवाया जाएगा।

# पंचायत निदेशालय में पहुंची गांवों की फाइल

- 10 गांवों को कनीना से महेंद्रगढ़ में शामिल करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

ब्लॉक कनीना से 10 गांवों को ब्लॉक महेंद्रगढ़ में शामिल करने की फाइल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के महानिदेशक कार्यालय पहुंच गई है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि मार्च में कनीना में आयोजित सांसद संवाद कार्यक्रम में 10 गांवों के सरपंचों ने सामूहिक मांग पत्र सौंपकर सांसद से मांग की थी। 10 गांवों को कनीना से हटाकर ब्लॉक महेंद्रगढ़ में शामिल किए जाए। सांसद ने मौके पर एसडीएम को निर्देश दिए थे। इन गांवों का उपमंडल मुख्यालय, तहसील तथा थाना महेंद्रगढ़ ही है। इससे ग्रामीणों एवं सरपंचों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।



सांसद द्वारा लिखा गया पत्र।

### रोडवेज कर्मी 24 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

**भिवानी।** 24 दिसंबर को प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी सीएम सिटी करनाल में एकत्रित होकर सीएम आवास का घेराव करेंगे। बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में डिपो प्रधान अनिल फौजी व बिजेंद्र मित्ताथल की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में मंच संचालन सचिव अनिल नागर मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति का अपमान ओच्छी मानसिकता

- राज्यमंत्री मंत्री ने विपक्षी नेताओं की सोच पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्षियों की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि जब विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं की ऐसी सोच है, तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके कार्यकर्ताओं की सोच क्या होगी। यह ओच्छी मानसिकता की निशानी है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे सम्मानित नागरिक के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी निंदनीय है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है। यादव ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस व विपक्षी पार्टियों को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व विपक्षी पार्टियों ने यह हरकत करके इस देश को नीचा दिखाने का कार्य किया है। यह बहुत ही गंभीर मामला बनता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए कभी भी संवैधानिक पदों पर बैठे नागरिकों के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी नहीं की।

# जीवन में खेलों का अहम योगदान

- राज्यमंत्री ने विजेता टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने वीरवार को गांव हाजीपुर में सात दिवसीय शहीद महेंद्र सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बना लें, खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से न केवल मनुष्य का शारीरिक विकास होता है अपितु बौद्धिक विकास भी होता है। शहीद महेंद्र सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक जिन्होंने शहीद के सम्मान में हर वर्ष यह क्रिकेट प्रतियोगिता करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि शहीद महेंद्र सिंह सीआरपीएफ में 1988 में भर्ती हुए थे तथा 15 दिसंबर 1991 को अपनी ड्यूटी के दौरान मणिपुर के चूड़ा चांदपुर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। शहादत से पहले उन्होंने अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी व तीन आतंकवादियों को मार गिराया।



नारनौल। शहीद महेंद्र सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

## 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चलाया अभियान

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर घर-घर जलेंगे दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर जनसंपर्क कर अपने-अपने घरों में दीपक जलाने व निमंत्रण देने के कार्यक्रम को लेकर शहर के वार्ड नं. 9, 10, 11, 12 व 13 की बनाई गई एकलव्य बस्ती के लिए बैठक पं. फूलचंद हनुमान मंदिर, खटीकान धर्मशाला व वाल्मीकि मंदिर में कार्यक्रम के नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एकलव्य बस्ती में हनुमान मंदिर सैनीपुरा, शिव मंदिर सैनीपुरा, शिव मंदिर मौहल्ला बास, माता संतोषी मंदिर, स्वर्णकार मंदिर, शिव मंदिर मौहल्ला तिवाड़ियान, शिव मंदिर मौहल्ला खटीकान, पं. फूलचंद शर्मा हनुमान मंदिर, शिव मंदिर सागरमल, वाल्मीकि मंदिर, गंगा माता मंदिर, झाबरवाला कुआं हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर मौहल्ला खटीकान, बगीची खटीकान, ब्रह्मचारी आश्रम, हनुमान मंदिर राव तुलाराम चौक के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। दीपक-पालक, संदीप-संयोजक, जेबी सैनी-सह संयोजक बने। टोलियां घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत, चित्र और पत्रक का वितरण कर लोगों से 22 जनवरी को अपने-अपने घरों के मंदिरों, प्रतिष्ठानों में दीप जगाने का आह्वान करेगी।



महेंद्रगढ़। वाल्मीकि मंदिर में बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### राजस्थानी समाज देंगे 1100 दीयों का सहयोग

**महेंद्रगढ़।** भगवान राम ने बनवास के दौरान सबसे पहले वनवासी केवट को अपना मित्र बनाकर सारे समाज को संदेश दिया कि कोई भी समाज में छोटा बड़ा नहीं है। उपरोक्त विचार 22 जनवरी को हुड्डा पार्क में होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों के लिए राजस्थानी समाज में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम पालक मनोहर लाल झुकिया ने कही। नगर का यह कार्य क्रम सामान्य जन का कार्यक्रम हो, प्रत्येक व्यक्ति की इसमें सहभागिता हो और मातृशक्ति इस कार्यक्रम से समाज को प्रेरणा दे कि भगवान राम का जीवन हम सब के लिए एक पथ प्रदर्शक तथा वर्तमान को उचित दिशा देने वाला है। इसी उद्देश्य को लेकर इस बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थानी समाज की महिला सीमा, प्रेषता, बिमला, चंपा, इंदिरा, सकीना, गोमा, शांति, सुनीता, लक्ष्मी, आरती, पानी देवी, कांता, सपना, सुमन, पायल ने इस बैठक में संकल्प लिया कि वे सभी 22 जनवरी को 1100 दीपक अपने समाज की तरफ से हुडा पार्क में जलाएंगे।

### एडीए के पद पर चयन होने की दी बधाई

**महेंद्रगढ़।** गांव खातोद निवासी नवीन कुमार का हरियाणा पब्लिक कमीशन द्वारा आयोजित परीक्षा में असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी (एडीए) के पद पर चयन हुआ हैं। युवक का चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल हैं। नवीन कुमार को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व राजनैतिक दलों ने लोगों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवीन कुमार के पिता निहाल सिंह ने बताया कि उसका बेटा शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहा हैं। नवीन कुमार ने नेशनल मॉडल स्कूल से बारहवीं तक की पढ़ाई की है। दिल्ली विश्वविद्यालय से फिजिक्स ऑनर्स से बीएससी की पढ़ाई की हैं।



नवीन कुमार।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005